# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : प्रदेश के 12 जनपदों में लागू होगी प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भदोही में 49वें अंतरराष्टोय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का किया शुभारंभ : कहा– कार्पेट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार न किया हाई लेवल कमेटी का गठन।
3. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की कल हाने वाली पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी : प्रदेश के एक हजार 435 केंद्रों पर 6 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे शामिल। और
4. अयोध्या में नौवें दीपोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां तेज : नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए सरयूतट के 56 घाटों पर बिछाए जाएंगे 28 लाख दिए।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 35 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहल पीमए धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आत्मनिर्भरता और किसाना के कल्याण के लिए ये दो नई योजनाएं शुरू की गई हैं।

*प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और दूसरी दलहन आत्मनिर्भरता मिशन ये दो योजनाएं भारत के करोड़ों किसानों का भाग्य बदलने का काम करेगा। इन योजनाओं पर भारत सरकार करीब 35 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा खर्च करने वाली है। साथियों, खेती और किसानी हमेशा से हमारी विकास यात्रा का एक प्रमुख हिस्सा रही। बहुत जरूरी होता है कि बदलते समय के साथ खेती, किसानी को सरकार का सहयोग मिलता रहे।*

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ समेत प्रदेश के कई जनपदों के किसान भी वर्चुअली जुड़े। लखनऊ में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित रहे। श्री शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना से प्रदेश के 12 जिले लाभान्वित होंगे। बाइट....

*मुख्य रूप से उन्होंने आज दो स्कीमों को लांच किया प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और प्रधानमंत्री दलहन आत्मनिर्भर मिशन इन दो योजनाओं के माध्यम से देश के लगभग किसानों को 45,000 करोड़ रूपये का फायदा होगा। प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना के भीतर उन्होंने सौ जनपदों के भीतर उस जिले को चिन्हित किया है जिसमें से उत्तर प्रदेश के 12 जनपद हैं।*

वाराणसी के सब्जी अनुसंधान संस्थान में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु मौजूद रहे। अमरोहा में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। प्रगतिशील महिला किसान हितेष चौधरी ने योजनाओं की शुरुआत के लिए सरकार का आभार जताया है। बाइट....

*इससे एक कृषि पर बहुत प्रभाव पड़ेगा इसका किसान भाई हमारे कई प्रभावित होएंगे, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना हमारी आज लागू की गई है और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन योजना लागू की गई है तो ये किसान भाईयों के लिए बहुत ही अच्छी पहल है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मैं उनको बहुत–बहुत धन्यवाद करती हूं।*

कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में पाँच हजार चार सौ 50 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आठ सौ 15 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

इनमें चंदौली में 61 दशमलव आठ सात करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित अल्ट्रा मॉडल फिश मंडी का उद्घाटन भी शामिल है। प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने मंडी का लोकार्पण किए जाने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूँ कि एशिया स्तर के एक मंडी इस चंदौली जनपद में मत्स्य पालकों के लिए, मत्स्य क्षेत्र में काम करने वालों के लिए, किसानों के लिए मंडी स्थापित किया है, जो हाईटेक मंडी है, इसका आज उद्घाटन लगभग एक हजार से ऊपर परियोजनाओं का आज उद्घाटन किया।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कृषि संबंधी योजनाओं के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भदोही में 49वें अंतरराष्टोय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश–विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने कार्पेट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन किया है जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भदोही सहित पूरे प्रदेश में कापंट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। बाइट.....

*सैकड़ों वर्षो के एक विरासत हमारे पास है इसको प्रोत्साहित करने के लिए जो प्रयास प्रारम्भ हुए हैं उस प्रयास की श्रृंखला में हम लोगों ने प्रदेश के अंदर वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट की अपनी अभिनव योजना प्रारम्भ की थी सन 2018 में, जिसमें भदोही में  वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट में हमने कारपेट को ही उसका पार्ट बनाया है, इसके साथ ही प्रदेश के अलग–अलग जनपदों में भी इस पूरे सेक्टर में जो भी लोग कार्य कर रहे हैं उनके प्रोत्साहन करने के लिए और सभीयूनिट को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के द्वारा तमाम प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है ।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जनपद गाजीपुर स्थित श्री हथियाराम मठ परिसर में आयोजित 'राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता विषयक प्रबुद्धजन संवाद संगम' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना और विकास के मेल से ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। बाइट....

*दुनिया के अंदर भारत की पहचान अपनी आध्यात्मिक चेतना को ले करके है जब तक भारत का नागरिक अपनी आध्यात्मिक चेतना को ध्यान में रख करके कार्य करेगा और फिर उसके उपरान्त भौतिक विकास के कार्यक्रमों का आगे बढ़ाएगा उसके परिणाम उतनी ही मजबूती के साथ भारत को पुनः विश्वगुरू के रूप में स्थापित करने में मददगार होगा।*

—————————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा कल होन वाली पी.सी.एस. और ए.सी.एफ., आर.एफ.ओ. प्रारंभिक परीक्षा—2025 के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**पूरे प्रदेश में एक हजार 435 केंद्र बनाए गए हैं। करीब 6 दशमलव दो छह लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। आयोग की तरफ स अभ्यर्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। आयोग द्वारा सोशल मीडिया की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी और सहायक पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है।**

———————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का पूरे देश में लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में सुनते हैं विभिन्न उद्योगों को सशक्त बनाने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट।**

*संशोधित जीएसटी दरों के तहत, प्रमुख स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे उत्पादन में जुड़े सैकड़ों कारीगरों और ग्रामीण परिवारों की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। इसी प्रकार, प्रसंस्कृत आम उत्पादों, जूस और जैम पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से उनके खुदरा मूल्य में 6 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। इस कदम से प्रसंस्कृत उत्पाद घरेलू उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो गए हैं, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को नई गति मिली है। जीएसटी में इन कर कटौतियों से ग्रामीण आजीविका सशक्त हो रही है। रोहन के साथ, नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।*

———————

**रामनगरी अयोध्या में इस बार नौवें दीपोत्सव 2025 को अब तक का सबसे भव्य और ऐतिहासिक आयोजन बनाने के**

**लिए तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। सरयू तट के 56 घाटों पर लगभग 26 लाख दीपों के प्रज्वलन के लिए 28 लाख दिए बिछाए जाएंगे, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेगा। इस वर्ष आयोजन की विशेषता यह है कि पहली बार लक्ष्मण किला घाट को दीपोत्सव में शामिल किया गया है। पेश है एक रिपोर्ट....**

*लक्ष्मण किला घाट पर पहली बार सवा चार लाख दीप प्रज्वलित होंगे। राम की पैड़ी और चौधरी चरण सिंह घाट पर करीब साढ़े चार लाख दीप जलाए जाएंगे। भजन संध्या घाट पर साढ़े पांच लाख दीपों की रौशनी से सरयू तट अलौकिक चमक में नहाएगा। मुख्य आकर्षण राम की पैड़ी रहेगी, जहां 15 से 16 लाख दीपों की अविरल ज्योति से पूरा घाट जगमगा उठेगा। सरकार ने लगभग 350 मीटर लंबी सीढ़ियों और दर्शक दीर्घा का निर्माण कराया है। सरकार, प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमें युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटी हैं। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संतशरण मिश्र के निर्देशन में 22 समितियाँ गठित की हैं, जो दीपोत्सव के प्रत्येक पहलू की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। तनमय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

———————————